JASH
ENGINEERING LTD.
Unit-1 : CAST PRODUCTS PLANT, 31, Sector 'C' Industrial Area, Sanwer Road, Indore-452 015 (M.P.) Phone : +91-731-2720143, 6732700

27.07.2022

The Manager
Listing Department
**National Stock Exchange of India Limited**
Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai - 400 051

Dear Sir/ Ma'am,

**Sub: Newspaper Publication pertaining to Transfer of Equity Shares of the Company to Investor Education and Protection Fund (IEPF)**

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of newspaper advertisement published on July 27, 2022 in Financial Express (Mumbai edition) and Choutha Sansar with respect to transfer of equity shares to the Investor Education and Protection Fund.

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours Faithfully,
**For Jash Engineering Limited**

JASH ENGINEERING LTD. ★ INDORE ★

**Tushar Kharpade**
Company Secretary & Compliance Officer

Encl: A/a

Regd. Office : 31, Sector 'C' Industrial Area, Sanwer Road, Indore - 452 015 (M.P.) India
Phone : +91 731 2720143. Fax : +91 731 2720499, E-mail: info@jashindia.com, Website : www.jashindia.com
CIN : L28910MP1973PLC001226, GSTIN: 23AAACJ7699F1ZC

# एक नजर

## जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही कांग्रेस : शर्मा

भोपाल,(निप्र)। सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेस जो सत्याग्रह कर रही है, वो ड्रामेबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। वास्तव में कांग्रेस अपनी इन हरकतों से सरकार और जांच एजेंसी के ऊपर दबाव बना रही है, ताकि वह घबराकर इस मामले से हाथ खींच ले। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस द्वारा किए जा रहे कथित सत्याग्रह पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी तथा राहुल-सोनिया गांधी को यह लगता है कि उन्होंने किसी कानून का उल्लंघन नही किया, कोई अवैधानिक तरीका नही अपनाया, तो देश की जनता तथा जांच एजेंसियों के सामने सच्चाई रखें, पूछताछ में सहयोग

## चार जनपद पंचायतों अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन आज

विदिशा,(निप्र)। जिले की चार जनपद पंचायतों में एक साथ 27 जुलाई को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया संपादित होगी। कलेक्टर माशंकर भार्गव ने बताया कि जिले की चार जनपद क्रमशः विदिशा, बासौदा, सिरोंज, एवं नटेरन जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया बुधवार आज 27 जुलाई को आयोजित की गई है। चारो जनपदो के लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद की निर्वाचन की स पूर्ण प्रक्रिया हेतु पृथक.पृथक कार्यक्रम स्थानीय पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा चारो जनपदो के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग ने बताया कि विदिशा जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया को स पन्न कराने हेतु स्थानीय एसडीएम गोपाल सिंह वर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। पीठासीन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि विदिशा जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में प्रातः दस बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। सबसे पहले अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन कार्यो का संपादन जिसमें नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति से लेकर अन्य प्रक्रिया इसके पश्चात अ यर्थियों को प्रतीको का आवंटन, मतदान और मतगणना एवं परिणाम की समुचित कार्यवाही दोपहर एक बजे तक संपादित की जाएगी। इसके पश्चात उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु प्रक्रिया का आयोजन किया जाएगा। विदिशा जिले की शेष तीन जनपद पंचायत क्रमशः कुरवाई, लटेरी एवं ग्यारसपुर में जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु तथा शुक्रवार 29 जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया स पादित होगी।

## मानदेय भुगतान को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

विदिशा,(निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा विदिशा ने नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव एवं मतगणना में लगे अधिकारी कर्मचारियों के मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव को एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने आश्वासन दिया जिन कर्मचारियों का मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है उन्हें तत्काल एक-दो दिन में भुगतान करा दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाहा ने आग्रह किया है कि जिन कर्मचारियों का भुगतान नहीं हुआ है किन्ही कारणों से वह कर्मचारी अपने ड्यूटी आदेश की फोटोकॉपी एवं बैंक खाता नंबर की फोटो कॉपी तत्काल कलेक्टर कार्यालय संबंधित शाखा में जमा करें।

# निशांक मौत मामले की जांच एसआईटी करेगी: डॉ.मिश्रा



भोपाल,(निप्र)। छात्र निशांक राठौर की संदिग्ध मौत के मामले की जांच अब रायसेन एसआईटी करेगी। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा हैं कि इस मामले से जुड़े सभी बिंदुओं की विस्तृत जांच की जाएगी। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि अब तक प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी रेल कटिंग से ही मौत होना आया है। मौत से पहले या बाद में मृतक निशांक के शरीर में चोट के कोई निशान भी नहीं होने की बात सामने आ रही है।डॉ.मिश्रा ने बताया कि निशांक के मोबाइल से जो मेसेज भी परिजन को किए गए हैं वह भी घटना के पहले के है। इस सबके बावजूद कुछ तथ्यों का खुलासा होना बाकी है। जैसे आत्महत्या की तो क्यों की? मृतक ने मेसेज क्यों किए? यह खुलासा होना बाकी है इसलिए इस घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी। रायसेन एसपी को इस संबंध में निर्देश दे दिए गए है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहां की इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने भी उन्हें ज्ञापन सौप कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी । सभी तथ्यों को देखते हुए एसआईटी से जांच कराने का फैसला लिया है।

## जनसुनवाई में 66 आवेदन प्राप्त ,मौके पर 22 का निराकरण

विदिशा,(निप्र)। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदकों ने अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया है। आज मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ दयाशंकर सिंह ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकरण की पहल की है। जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 66 आवेदको ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया मौके पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण हेतु निर्देशित किया गया है।

# मानसूनी बरसात का दौर जारी

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में मानसूनी बरसात का दौर जारी है वर्तमान समय में दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश और आस-पड़ोस पर चक्रवात का संचलन अभी भी बना हुआ है और समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकता हुआ देखा जा रहा है। इसके साथ ही दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आस-पड़ोस के निम्न दाब का क्षेत्र अब पाकिस्तान और उससे सटे कच्छ के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के साथ स्थित है। समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक यह फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है।

साथ ही मानसून ट्रफ लाइन अब दक्षिण पाकिस्तान और उससे सटे कच्छ से शुरू होकर जैसलमेर, कोटा, दमोह, अंबिकापुर, जमशेदपुर, दीघा होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी तक जाती है। यह औसत समुद्र से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

इन्हीं मौसम प्रणालियों की वजह से पूरे मध्य प्रदेश में रुक-रुककर वर्षा का दौर जारी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मंगलवार को भोपाल, जबलपुर एवं नर्मदापुरम संभागों के जिलों में तथा रतलाम, शाजापुर, आगर, देवास, शिवपुरी, ग्वालियर, श्योपुरकलां, सागर, दमोह, पन्ना, अनूपनगर, डिंडोरी एवं उमरिया जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है।27 व 28 जुलाई को भी मौसम में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि तीन-चार दिन बाद मौसम खुल सकता है इसके बाद 31 जुलाई के बाद फिर से बारिश के संकेत बने हुए हैं।

# विपक्ष की आवाज को कुचलना चाहती है केंद्र सरकार-कांग्रेस

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी का विरोध

भोपाल,(निप्र)। अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बार-बार पूछताछ के लिये बलाये जाने, परेशान करने और अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में महिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शित किया।

मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि आज दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को ईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाये जाने के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसदों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में महिला कांग्रेस ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के समीप केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में पुतला दहन किया।

श्रीमती पटेल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जिस तरह से ईडी व अन्य एजेंसियों के माध्यम से अन्य संवैधानिक संस्थाओं का राजनैतिक दुरूपयोग कर विपक्ष की आवाज को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है और लोकतंत्र का मखौल उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ न करते हुए कांग्रेस की सम्मानित अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस तरह से परेशान करना बंद करें।



# विधानसभा अध्यक्ष ने की रिटायर्ड फौजी की आर्थिक मदद

**भोपाल,(निप्र)।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम ने राजधानी के एक वृद्धाश्रम में रह रहे रिटायर फौजी एवं उनकी पत्नी को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। अपने पुत्र के असामयिक निधन के बाद यह परिवार गंभीर आर्थिक तंगी से जुझ रहा है और एक वृद्धाश्रम में दिन गुजार रहा है। श्री गौतम ने असहाय एवं बुजुर्ग दंपत्ति की अन्य स्तर पर भी मदद का आश्वासन दिया है।

दरअसल 1965 की जंग में शामिल हुए भारतीय सेना से रिटायर वीरेंद्र राज दयाल चंद एवं उनकी पत्नी की वृद्धावस्था में तंगहाली की खबर को देखकर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए इस परिवार की मदद का निर्णय लिया। कोई सहारा नहीं होने के कारण यह दंपति दानिश हिल्स व्यू स्थित सारथी वृद्धा सेवा आश्रम में दिन गुजार रहा है। श्री गौतम मंगलवार को इस वृद्धाश्रम में पहुंचे और बुजुर्ग दंपत्ति एवं आश्रम में रह रहे अन्य बुजुर्गों से मिले। श्री गौतम ने श्री वीरेंद्र राज दयालचंद को अपनी अनुदान निधि से 50 हजार रुपए का चैक भेंट किया। इसके साथ ही दयालचंद दंपति एवं वृद्धाश्रम में रह रहे अन्य बुजुर्गों को कंबल, तकिया, चादर, शॉल, फल एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट की। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने काफी समय बिताया एवं उनके अनुभवों को सुना। इस अवसर पर श्री गौतम ने कहा कि समाज के हर वर्ग के प्रति मानवीय संवेदनाओं के साथ हमें व्यवहार करना चाहिए। यदि कोई असहाय, पीड़ित या वंचित है तो हमें तत्काल उनकी सहायता के लिए सामने आना चाहिए।

## कांग्रेस चुनाव पर्यवेक्षक ने भी ली बैठक

विदिशा,(निप्र)। नटेरन में कांगेस कमेटी की वैठक रखी गई जिसमें सिरोज से देवी सिंह वघेल ने जनपद अध्यक्ष को लेकर वैठक रखी गई जिसमे सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया किआप सभी मिल कर कांग्रेस अध्यक्ष के अधिकृत प्रत्याशी का समर्थन कर विजयी बनाए। इस अवसर पर बीना से प्रभु सिंह ठाकुर, दिमान सिह, नागेन्द्र सिंह,महेश दुवे, अनुज यादव, रामसेवक रघुवंशी, लखन सिह, राजीव दुवे, हरिसिह आदि मौजूद थे।

# शौर्य स्मारक पहुंचे सीएम शिवराज करगिल शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल,(निप्र)। कारगिल विजय दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल के शौर्य स्मारक पहुंचकर भारतीय सेना के शौर्य का स्मरण करते हुए कारगिल के शहीद जवानों के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री शिवराज ने इस दौरान शौर्य स्मारक पर अमर ज्योति शौर्य स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को याद किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज कारगिल विजय दिवस है जिसको लेकर पूरे देश का माथा गर्व से उन्नत है। सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने चोरी-छिपे घुसपैठियों और अलग भेष में पाकिस्तानी सैनिक भेजे थे। लेकिन कारगिल की पहाड़ी पर एक ऐसा युद्ध हुआ था जिसमें दोनों सेनाएं बराबरी पर नहीं थी। भारत की सेना के हमारे वीर जवान ऊंची पहाड़ियों पर चढ़ाई करते हुए दुश्मन से युद्ध कर रहे थे जो ऊपर चोटी पर बैठे थे उनकी स्थिति अलग थी वहां से वार करना आसान होता था। उन्होंने कहा कि इस कठिन लड़ाई में जिस वीरता का परिचय भारतीय सेना और हमारी आर्मी एयरफोर्स ने दिया वह दुनिया के इतिहास में अद्भुत है। सेना ने पाकिस्तानी सैनिक और घुसपैठियों को मार कर खदेड़ा था और आज ही हमने कारगिल पर विजय प्राप्त की थी। सीएम ने इस मौके पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का भी स्मरण करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

## शहीदों को शहीद ज्योति स्तंभ पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**विदिशा,(निप्र)।** कारगिल विजय की 23वी वर्षगांठ के मौके पर शहीद ज्योति स्तंभ पर पहुंचकर लोगों ने शहीदों को नमन किया। स्कूली विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान समाजसेवी अतुल शाह, भाजपा नेता मनोज कटारे और भूतपूर्व सैनिक सहित स्कूल के बच्चे भी मौजूद रहे।बता दें कि सन 1999 में आतंकवादियों और पाकिस्तान के सैनिको द्वारा कारगिल पर कब्जा किया गया था उसे भारतीय सैनिकों ने मुंह तोड़ जवाब देते हुए आज ही के दिन वापस जीत हासिल की थी।

# अजय सिंह ने बुजुर्गों के रेल किराए में छूट समाप्ति को बताया देश का अपमान



भोपाल,(निप्र)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार अपनी जन विरोधी नीतियों से आम जनता के साथ साथ वृद्धजनों को भी आर्थिक रूप से कमजोर बना रही है। केंद्र की नीतियों के कारण इस देश के बुजुर्ग दोहरी मार झेल रहे हैं। बढ़ती उम्र के पडाव में सरकार अब इन्हें रुपए पैसे से भी मोहताज कर रही है।

अजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि रेल किराए में वृद्धजनों को दी जा रही छूट कोरोना काल में बंद कर दी गई। उन्हें आशा थी कि यह छूट अब फिर से शुरू की जायेगी। लेकिन रेल मंत्री के छूट न देने के ऐलान से तमाम वृद्धजनों की आशाओं पर पानी फिर गया। रेल मंत्री का कहना है कि छूट से सरकार पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। वे सीनियर सिटीजन्स को रेल किराये में छूट दिए जाने के पीछे छिपी भावनाओं को समझने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग महिलाओं को पचास प्रतिशत और पुरुषों को चालीस प्रतिशत छूट रेल किराए में दी जाती थी जो पिछले मार्च, 2020 से बंद है। उन्होंने कहा कि इन ढाई वर्षों में लगभग आठ करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को पूरा किराया चुकाकर यात्रा करनी पड़ी। यह उनके साथ अन्याय है। खासकर उन बुजुर्गों के साथ जो वाकई जरूरतमंद हैं। ऐसे समय में जब पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब रेल किराए में छूट न देने का फैसला शर्मनाक है और देश का अपमान है। देश की कुल आबादी में वरिष्ठ नागरिक लगभग नौ प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे की आय का मुख्य जरिया माल भाड़ा है जो कुल आय का अस्सी प्रतिशत के लगभग होता है। बाकी बीस प्रतिशत आय केवल किराए से ही हो रही है, ऐसा भी नहीं है। क्योंकि रेलवे की आय के अन्य स्त्रोत भी हैं। ऐसे में वरिष्ठजनों को किराए में छूट न देना सरकार की असंवेदनशीलता का प्रतीक है।


## सूचना

**एन.एस.सी.नेचर में स्थित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्डो के आवंटन के संबंध में सूचना**

आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) को प्लॉट आवंटन के संबंध में सूचना आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) मध्यप्रदेश राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम,2014 के अधीन एतद द्वारा राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 24.12.2014 के नियम 15 के प्रावधानों के अंतर्गत हमारे द्वारा ग्राम सनावदिया तहसील भिचोली हप्सी जिला इन्दौर (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 18/1/3/1,18/2/2,20/1 एवं 21/1/3/2/मिन-1,कुल रकबा 2.066 हेक्टेयर भूमि पर एन.एस.सी. नेचर में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आर्य वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्डो को विक्रय/आवंटन नियम में निर्धारित मापदंडो के आधार पर किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त आरक्षित भूखण्डो के आवंटन / विक्रय हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तो के अधीन आमंत्रित किया जाना है,

**पात्रता की शर्ते :**

1. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र) 2.आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के आरक्षित भूखण्डो की पात्रता हेतु कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग का होना आवश्यक है। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी/स्वप्रमाणित वार्षिक आय प्रमाण पत्र) 3.भूखण्डो के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप आवेदन प्रपत्र एवं शर्ते रुपए 100/-जमा करवाकर विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस में समय 10.30 से 5. 00 बजे तक साइट कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। 4.कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नियम,1999 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी अथवा संस्थान को होगा,इनका कोई कारण नहीं दशार्या जाएगा। । 5.उक्त सभी दस्तावेज की छायाप्रति स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। 6. कमजोर आर्य वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के आरक्षित भूखण्डो की लागत प्रावधनित नियमों के अनुसार होगी। 7. आरक्षित भूखण्डो का आवंटन कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग को लॉटरी के आधार पर किया जावेगा। पहले आवें,पहले पावे आधार पर। 8.आवेदक के स्वय/परिवार के पास म.प्र. में कोई भूखण्ड/भवन नहीं है, इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

मेसर्स : सार्थक होम्स प्राइवेट लिमिटेड तर्फे डायरेक्टर
श्री संतोष दीक्षित पिता श्री प्रेमनारायण दीक्षित
पता :201,एनएससी टावर,सी-01,ग्रेटर ब्रजेश्वरी,इन्दौर (म.प्र.)



## आम सूचना

क्र. दिनांक - 23.07.2022

मेरा पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ए.बी. रोड गुना द्वारा शाखा प्रबंधक के निर्देशानुसार आम व खास को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनोद गौड़ पुत्र श्री मंगलिया गौड़ निवासी - गंगा कॉलोनी गुना तह. व जिला गुना (म.प्र.) ने अपने स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की अचल संपत्ति का एक भूखण्ड न0 16 जिसका क्षेत्रफल 20x30 अर्थात 600 वर्गफीट, अर्थात 0.005 हेक्टर, गुना पटवारी हल्का न0 75 तहसील व जिला गुना में भूमि सर्वे न0 1170 में स्थित है, उक्त सम्पत्ति को आवेदक ने श्री धर्मसिंह यादव पुत्र श्री नन्नू सिंह यादव निवासी - बजरंगगढ़ रोड गुना तह. व जिला गुना (म.प्र.) से क्रय किया है, जिसकी चतुर्सीमा निम्न हैः-

**पूर्व में - सदाशिवराव जोशी का प्लाट**
**पश्चिम में - सत्यनारायण यादव का प्लाट**
**उत्तर में - प्रस्तावित रोड 10 फीट**
**दक्षिण में - लक्ष्मण कृष्णानी की भूमि**

उक्त संपत्ति को श्री धर्मसिंह यादव पुत्र श्री नन्नू सिंह यादव निवासी - बजरंगगढ़ रोड गुना तह. व जिला गुना (म.प्र.) ने विक्रेता श्रीमती अरुणा देवी पत्नी श्री लक्ष्मणदास कृष्णानी निवासी - श्रीराम कॉलोनी जिला गुना (म.प्र.) द्वारा निष्पादित रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 3834 ग्रंथ क्रमांक ए1/2666 पृष्ठ 89 लगायत 93 दिनांकित 30.03.1995 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व व आधिपत्य प्राप्त किया था उक्त सम्पत्ति को आवेदक ने मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है।

यह कि आवेदक के अनुसार उक्त संपत्ति की विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 3834 ग्रंथ क्रमांक ए1/2666 पृष्ठ 89 लगायत 93 दिनांक 30.03.1995 की मूल प्रति जो कि श्री धर्मसिंह यादव पुत्र श्री नन्नूसिंह यादव निवासी - बजरंगगढ़ रोड गुना तह0 व जिला गुना (म.प्र.) के हित में संपादित थी, वह आवेदक से कहीं गुम हो चुकी है। जिसकी उसके द्वारा पुलिस में सूचना भी करवा दी गई है। यह कि यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात विक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक/रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरण पोषण, बिल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रूप में नोटिस प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत कोई भी आपित्त कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हों।

**भवदीय**
**बृजेष सिंह रघुवंशी एडव्होकेट, सुभाष कॉलोनी, गुना (म0प्र0)**


## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव-

# अध्यक्ष के सिंगल पर पर भाजपा ने बनाई सहमति

## फायनल सूची कर भेजी भोपाल, आज होगी अधिकृत घोषणा



विदिशा,(निप्र)। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में इन दिनों पंचायत स्तर पर उपसरपंच के चयन की प्रक्रिया चल रही है तो वही आज 27 और 28 जुलाई को जनपद पंचायतों में अध्यक्ष के लिए निर्वाचन होगा। 29 जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्वाचन की तारीख तय की गई है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सभी सातों जनपदों में और जिला पंचायत में अध्यक्ष के लिए नामों पर सहमति बनाई गई। मंगलवार को शेरपुरा स्थित सीएम हाउस में बैठक के दौरान भोपाल से भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी प्रभारी पंकज जोशी शामिल हुए। सातों जनपदों में भाजपा की ओर से अपने प्रत्याशियों का सिंगल नाम तय किए गए। जिला पंचायत में भी एक नाम अध्यक्ष के रूप मे तय कर भोपाल कार्यालय भेजा गया है। सभी भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा भोपाल से किए जाने की बात कही गई। पर्यवेक्षक पंकज जोशी ने इस बैठक में शामिल अन्य सदस्यों से हुई बातचीत और बैठक में अनुपस्थित विधायकों से फोन पर हुई चर्चा के बारे में भी जानकारी दी। प्रभारी पंकज जोशी ने उन एकल तय नामों को उजागर करने पर अपनी असमर्थता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सूची कार्यालय भोपाल भेजी गई है। घोषणा उसी जगह से की जाएगी। बैठक के दौरान गंजबासौदा विधायक लीना जैन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश टंडन के अलावा जिले के अन्य पदाधिकारी भी इस मौके पर शामिल रहे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किए हमारे पक्षकार साबिर पिता अहमद हुसैन निवासी 80, उदापुरा,इंदौर द्वारा अपने पुत्र आदिल व पुत्रवधु जेबा निवासी निवासी 80,उदापुरा, इंदौर को अपनी चल-अचल संपत्ति से विगत 5 माह पूर्व से पृथक कर दिया गया है हमारी पक्षकार के उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु से परिवार का विगत 5 माह से किसी प्रकार का कोई संबंध या लेना-देना,मेलमिलाप नही है,ऐसी स्थिति में हमारे पक्षकार के उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किये गये किसी भी कार्य, व्यवहार आदि के लिए हमारे पक्षकार व परिवार जवाबदार नही है,सबब कोई भी व्यक्ति,संस्था, निकाय मेरे पुत्र व पुत्रवधु से किसी प्रकार का कोई व्यवहार न करे अन्यथा की दशा में व्यवहारकर्तापक्ष ऐसे व्यवहार के लिए स्वयं जवाबदार रहेगा । सो सूचित हो ।

इन्दौर,दिनांक :25.7.22

भवदीय
भारती जायसवाल एडवोकेट
ऑफिस-३/२ हरसिद्धि इंदौर,मो नं 8889184988



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हरिकरण पिता श्री बालकराम चौधरी निवासी ग्राम पीतनगर तहसील सनावद जिला खरगोन म.प्र.जो की। एक प्रापर्टी की सेल डीड जिसका विवरण इस प्रकार है. दस्तावेज कमांक अ-1/223 दिनाक 19.06.2005 पुष्ठ संख्या 1 से 5 जो कि श्रीमति साधना पति राजेन्द्र कुमार जैन ने फेमिदा बी पति जकीउददीनजी बोहरा को बेची थी। यह रजिस्ट्री कही खो गई है। जिस पर किसी भी प्रकार का किसी भी बैंक से ऋण बकाया नही है तथा यह रजिस्ट्री कही भी बकाया या कही भी बंधक नही है। जिस किसी को यह रजिस्ट्री मिले तो कृपया इस पते पर सम्पर्क करें।

दिनांक 26.07.22

भंवरलाल कुमायु
नोटरी मो.नं.9977758400



## JASH ENGINEERING LIMITED

CIN: L28910MP1973PLC001226
**Registered Address:** 31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area, Indore 452015, Madhya Pradesh, India
**Phone:- 0731-6732700 Email:- info@jashindia.com, Website:- www.jashindia.com**

**NOTICE**

Notice is hereby given that, pursuant to the provisions of the Companies Act, 2013 and the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, equity shares of those Members who have not encashed or claimed dividend for 7 (seven) consecutive years or more are liable to be transferred to the Investor Education and Protection Fund ("IEPF"). In compliance with the said Rules, the Company has sent individual notice to all concerned Member whose shares are liable to be transferred to IEPF. Full details of such Members are made available on the Company's website at **www.jashindia.com.**

In this connection, concerned Members may please note the following: -

**(a) For Members holding shares in physical form:** Members whose shares are liable to be transferred to IEPF Authority may note that upon transfer of shares to IEPF Authority, the original share certificate(s) which are registered in their name will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable.

**(b) For Members holding shares in electronic form:** Their demat account will be debited for the shares liable for transfer to IEPF.

In order to avoid transfer of your shares to the IEPF, any Member whose name is appearing in the above-mentioned list shall send an application along with self-attested copy of KYC documents of the Member like PAN, cancelled cheque leaf along with latest utility bill as address proof, on or before 24th October, 2022 to Jash Engineering Limited ("Company") at 31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area, Indore, Madhya Pradesh- 452015 or Link Intime India Private Limited ("RTA") at C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli (West) Mumbai, Maharashtra- 400083. For any further information required members may sent email at **rnt.helpdesk@linkintime.co.in.** In case no valid claim in respect of equity shares is received from Members by 24th October, 2022, the Company shall, in compliance with the requirements set out in the said Rules, transfer the unclaimed dividend and corresponding equity shares to the IEPF by the due date, without any further notice. Please note that no claim shall lie against the Company in respect of the unclaimed dividend amount and equity shares transferred to the IEPF.

In order to receive the correspondence, if any, from the Company in a timely manner, Members are requested to registered their e-mail address with RTA (in case of shares held in physical form) by sending a request on **rnt.helpdesk@linkintime.co.in** and your Depository Participant(s) (in case of shares held in dematerialized form).

Place: Indore
Date: 26/07/2022

For **Jash Engineering Limited**
**Sd/-**
**Tushar Kharpade**
**Company Secretary & Compliance Officer**